# BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 18 अक्टूबर, 2025 — थाना खुर्जा नगर

## खाने के सामान में चूहे मारने की दवाई मिलाकर जान से मारने का प्रयास करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार,कब्जे से चोरी गये शत प्रतिशत आभूषण(कीमत करीब 17 लाख रुपये) बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.10.2025 को थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर कालिंदी कुंज बडे गोल चक्कर के पास से 01 शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया ।

उल्लेखनीय है कि अभियुक्त रामेश्वर करीब 01 माह से वादिया श्रीमती शशि देवी के मकान में इलैक्ट्रीशीयन का कार्य कर रहा था तथा घर में रखे आभूषणों से धीरे –धीरे चोरी करता चला आ रहा था । परिवार के लोगो को अभियुक्त रामेश्वर पर शक होने पर उन्होने इससे पूछताछ की तो अभियुक्त रामेश्वर द्वारा खुद को फसता हुआ देख चुपके से घर में रखे खाने के सामान में चूहे मारने की दवाई मिलाकर वादिया श्रीमति शशि देवी के परिवार के लोगो को जान से मारने का प्रयास किया। जहरीला खाना खाने से शशि देवी के परिवार के लोगो की हालत खराब हो गयी जिन्हे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा दिनांक 17.10.2025 को थाना खुर्जा नगर पर प्राप्त तहरीर पर मुअसं0-970/25 धारा 305/123/317(2) बीएनएस पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी किये गये शत प्रतिशत आभूषण बरामद करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. रामेश्वर पुत्र स्व0 सरदार सिंह निवासी एच-55 काशींराम आवास योजना कालिंदी कुंज कस्बा व थाना खुर्जा नगर मूल निवासी गांव दमगढी थाना गोण्डा जनपद अलीगढ ।

### बरामदगी का विवरणः-

1. 03 जंजीर,01 पैन्डल,04 चूडी,02 जोडी बाली,01 जोडी कुन्डल,02 अंगूठी,01 जोडी झुमकी,01 जोडी टॉप्स,01 कुन्डल (सभी पीली धातू)
2. 05 जोडी पाजेब (सभीसफेद धातू)

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री पंकज राय प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर
2. निरीक्षक श्री राजेश कुमार थाना खुर्जा नगर
3. उ0नि0 सतीश चन्द्र,उ0नि0 जितेन्द्र सिंह,है0का0 रोबिन कुमार,का0 प्रवेश बैंसला,का0 श्यामू सिंह।




मीडिया सेल, बुलंदशहर